# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

## अधिसूचना

पत्रांकः परीक्षा/5997
दिनांकः 04.04.2022

दिनांक 23.03.2022 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित परीक्षा समिति की बैठक में लिये गये महत्त्वपूर्ण निर्णय निम्नवत हैं :–

**मद संख्या–4 संकल्प :** परीक्षाओं के समय बहुत से परीक्षार्थी Amanuensis (writer/ scribe) एवं अतिरिक्त समय की माँग करते हैं। परीक्षा समिति द्वारा Persons with Benchmark Disabilities को परीक्षा में Amanuensis एवं Compensatory time दिये जाने हेतु केन्द्र सरकार, Ministry of Social Justice and Empowerment (MoSJE) द्वारा निर्गत निर्देश (F.No.34-02/2015-DD-III, Dated-29.08.2018) यथावत लागू किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**मद संख्या–5 संकल्प :** वर्ष 2021 मुख्य परीक्षा (केवल वार्षिक प्रणाली) में सम्मिलित हुए स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के वह छात्र, जो Covid-19 के कारण बैक पेपर–2021 परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गए थे, को परीक्षा समिति द्वारा मुख्य परीक्षा, 2022 के साथ बैक पेपर परीक्षा में अन्तिम अवसर प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। उक्त परीक्षार्थियों को वर्ष 2022 की परीक्षाओं में विषय के समस्त कोड की परीक्षा दिया जाना आवश्यक होगा।

इसी प्रकार मुख्य परीक्षा/श्रेणी सुधार/भूतपूर्व छात्रों के लिये भी वर्ष 2022 की परीक्षाओं में सभी विषयों के समस्त पेपर कोड की परीक्षा दिया जाना अनिवार्य होगा।

**मद संख्या–9 संकल्प :** चूँकि वर्तमान में स्थितियाँ सामान्य हैं, अतः परीक्षा समिति द्वारा आगामी आयोजित होने वाली समस्त वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाओं को 03 घण्टे प्रति प्रश्नपत्र की अवधि में आहूत कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की।

**मद संख्या–16 संकल्प :** वर्ष 2020 में स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष (व्यक्तिगत) मुख्य परीक्षा में सम्मिलित छात्रों को बैक पेपर परीक्षा–2021 के साथ बैक पेपर का अवसर प्रदान किया जा चुका है। किन्तु ऐसे कतिपय छात्र, जो कोविड–19 के दृष्टिगत उक्त बैक पेपर परीक्षा से वंचित रह गये थे, को परीक्षा समिति द्वारा मुख्य परीक्षा–2022 के साथ बैक पेपर परीक्षा का अन्तिम अवसर प्रदान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की।

ध्यान रहे वार्षिक परीक्षा प्रणाली में किसी भी दशा में एक से अधिक बार बैक पेपर अर्थात री–बैक की अनुमति नहीं है।

**मद संख्या–22 संकल्प :** वर्ष 2021 मुख्य परीक्षा में स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों की दो परीक्षाऐं दिनांक 10.04.2021 एवं 12.04.2021 को सम्पन्न हो चुकी थीं। इसके पश्चात् कोविड–19 द्वितीय लहर के कारण शेष परीक्षाऐं आयोजित नहीं हो सकीं। अतःऐसे छात्र जो दिनांक 10.04.2021 व 12.04.2021 की परीक्षाओं में अनुपस्थित या अनुत्तीर्ण हो गये थे, को वर्ष 2022 में आयोजित होने वाली द्वितीय वर्ष की परीक्षा के Corresponding subjects में प्राप्त अंकों के आधार पर अंक प्रदान किये जायेंगे। ऐसे छात्र जो प्रथम वर्ष की इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण थे, को प्रथम व द्वितीय वर्ष, जिसमें भी अधिक अंक हों, दिये जाने की परीक्षा समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।

4/04/2022

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि. निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त सम्बन्धित परीक्षार्थियों को अपने स्तर पर व्यापक रूप से अवगत कराने का कष्ट करें।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।

क्रमशः.....2

03. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को मा0 प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियत्रंक जी के सूचनार्थ।
07. सहा0 कुलसचिव / प्रभारी (गोपनीय)।
08. प्रभारी–अति गोपनीय विभाग / कमैटी सैल।
09. प्रभारी–कम्प्यूटर सेन्टर / वेबसाईट।
10. प्रभारी–उत्तर पुस्तिका / सहा0कार्या0 अधीक्षक (परीक्षा)।
11. समन्वयक–सी0सी0टी0वी0 कण्ट्रोल रूम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेन्सियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
13. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग।
14. प्रभारी–सामान्य भण्डार।
15. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
16. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
17. गार्ड फाईल–''अधिसूचना''।

04/04

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**